Dainik Bhaskar, Jaipur   Aug 27, 2022   Page No.02

स्मार्ट इंडिया हैकाथोन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

सिटी रिपोर्टर | जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथोन 2022 में 29 टीमों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स व मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट की ओर से दी गई 7 समस्याओं पर टीमों ने कॉम्पीटिशन किया। हर प्रॉब्लम पर सबसे अच्छा स्टेटमेंट देने वाले को 1 लाख रुपए का इनाम दिया गया। कार्यक्रम के पहले दिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टिसिपेंट्स से इंटरेक्शन में कहा कि युवा आज के इस दौर में खेती से संबंधित नई तकनीक को बढ़ावा दे सकते हैं।